समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 21 September 2026

# आदमपुर एयरबेस पर PM मोदी के पीछे S-400... बस एक फोटो ने खोल दी पाकिस्तान के झूठे दावों की पोल।

Publisher
Published on 13 May 2025



## पाकिस्तान दुनिया भर मे लगातार झूठा नैरेटिव फैला रहा है कि उसने अपने हमले मे भारत के पंजाब के आदमपुर एयरबेस को ध्वस्त कर दिया. पीएम मोदी ने पाक के दावों की पोल खोल दी.

ऑपरेशन सिंदूर की शानदार सफलता के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार (13 मई 2025) सुबह अचानक पंजाब के आदमपुर एयरबेस पहुंचकर भारतीय वायुसेना के अधिकारियों और जवानों से मुलाकात की. पीएम मोदी से मुलाकात के दौरान जवानों का जोश काफी हाई नजर आया. उन्होंने जवानों के साथ कुछ पल बिताए और उनसे बातचीत भी की.

### पीएम मोदी ने खोली पाकिस्तान के दावों की पोल

पीएम मोदी ऐसे वक्त में आदमपुर एयरबेस पहुंचे, जब पाकिस्तान दुनिया भर में लगातार झूठा नैरेटिव फैला रहा है कि उसने अपने हमले में भारत के पंजाब के आदमपुर एयरबेस को ध्वस्त कर दिया है और उसे भारी नुकसान भी पहुंचाया है. पीएम मोदी ने मंगलवार सुबह खुद आदमपुर एयरबेस पहुंचकर पाकिस्तान के दावों की दुनिया के सामने पोल खोलकर रख दी.

### एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम सुरक्षित

पाकिस्तानी सरकार ने अपनी जनता का खुश करने के लिए कहा कि उनकी सेना ने आदमपुर एयरबेस के रनवे को नुकसान पहुंचाया है. पाकिस्तान ने ये भी दावा किया कि उसने आदमपुर में एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम को भी तबाह कर दिया. पीएम मोदी के दौरे से पाकिस्तान का झूठ बेनकाब हो गया. पीएम मोदी ने कई तस्वीरें शेयर की है, जिसमें एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम

सुरक्षित और एक्टिव नजर आ रहा है. वहीं आदपुर एयरबेस का रडार सिस्टम भी बरकरार है और दुश्मन की हर नापाक हरकत पर नजर रख रहा है.

पीएम मोदी की तस्वीरों ने पाकिस्तान को साफ संदेश दे दिया है कि आदमपुर एयरबेस एकदम सेफ और सुरक्षित है और पाकिस्तान का दावा पूरी तरह झूठा और बेबुनियाद है. इसी बीच पीएम मोदी की जवानों के साथ मुलाकात का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें वह वायुसेना के अधिकारियों की पीठ थपथपाते हुए नजर आ रहे हैं. इस दौरान पीएम मोदी ने जवानों के साथ भारत माता की जय और वंदे मातरम के जयकारे भी लगाए.

### पीएम मोदी ने आदमपुर एयरबेस की तस्वीरे पोस्ट की

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर आदमपुर एयरबेस में जवानों के साथ मुलाकात की फोटो शेयर करते हुए लिखा, "आज सुबह मैं वायुसेना स्टेशन आदमपुर गया और हमारे बहादुर वायु योद्धाओं और सैनिकों से मिला. साहस, दृढ़ संकल्प और निडरता के प्रतीक लोगों के साथ रहना एक बहुत ही विशेष अनुभव था. भारत हमारे सशस्त्र बलों के प्रति हमेशा आभारी है, जो हमारे देश के लिए सब कुछ करते हैं."

पीएम मोदी ने आदमपुर एयरबेस की कई तस्वीरें भी शेयर की हैं. फोटो में देखा जा सकता है कि पीएम मोदी सेना के जवानों का हौसला अफजाई करते हुए दिख रहे हैं. इससे पहले पीएम मोदी की बहादुर वायु योद्धाओं और सैनिकों से मुलाकात की कई तस्वीरें सामने आईं. खास बात यह है कि एक फोटो में पीएम मोदी के पीछे भारतीय लड़ाकू विमान की तस्वीर लगी है. इस तस्वीर के ऊपर लिखा है, "क्यों दुश्मन पायलट ठीक से सो नहीं पाते ?' इस खास तस्वीर ने पड़ोसी मुल्क को साफ संदेश देने की कोशिश की है.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.